पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 05 वांछित अभियुक्त व NBW में 04 वारण्टी गिरफ्तार।

दिनांक- 08.10.2024

दिनांक- 07/08.10.2024 को-

01-थाना गाजीपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 433/24 धारा 85/80(2) BNS व ¾ डीपी एक्ट से सम्बन्धित 02अभियुक्तों व 01 अभियुक्ता 01-ओम प्रकाश तिवारी 02- हरिओम तिवारी 03- आशा तिवारी

02- थाना हजरतगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 74/2024 धारा 420/409/120बी भादवि सम्बन्धित अभियुक्त जुनैद अहमद खान

03-थाना कृष्णानगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 286/2024 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त वीरु मौर्या गिरफ्तार।

एवं

NBW में थाना सआदतगंज से 02, अलीगंज से 01, नगराम से 01अभियुक्त गिरफ्तार।

जोन-उत्तरी

दुर्घटना-थाना अलीगंज-

दिनांक 07.10.2024 को पीआरवी 0491 द्वारा थाना अलीगंज लखनऊ पर सूचना दी गयी कि रेलवे लाइन पर निकट डीएस कॉलोनी सीतापुर रोड अलीगंज लखनऊ पर एक महिला की ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गयी है । **इस सूचना पर उप-निरीक्षक श्री नितिन कुमार थाना अलीगंज द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया गया** । जिनके द्वारा बताया गया कि आस-पास के लोगों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त का प्रयास किया गया तो मृतका की शिनाख्त आरती यादव उम्र करीब 27 वर्ष पुत्री राकेश यादव निवासी श्याम विहार कॉलोनी फैजुल्लागंज थाना मडियावं लखनऊ के रुप में हुयी है। सूचना पर मृतका के भाई रवि यादव भी मौके पर उपस्थित आये। अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है। शान्ति एवं कानून व्यवस्था संबंधी कोई समस्या नहीं है।

जोन-पश्चिमी

थाना पारा-

आज दिनांक 08.10.2024 को समय करीब सुबह 06.36 बजे श्री उमेश कुमार साहू पुत्र श्री सत्य नरायन निवासी शिवपुरी रस्तोगी जलालपुर थाना पारा पर लिखित सूचना दिया कि मेरी दुकान रस्तोगी ज्वैलर्स के सामने है,कल सुबह 05.00 बजे वादी जब उठा तो देखा कि वादी के घर का जाल खुला हुआ मिला,सारा सामान देखने के बाद लकड़ी की अलमारी में वादी का नगदी रखा हुआ झोला नहीं मिला। वादी की दुकान पर कुछ लड़के काम करते थे जिनको पैसे की जानकारी रहती थी,उनके नाम चन्दू,अरशद, आयूष है। तथ्य अंकित है, **वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पारा पर मु0अ0सं0-584/2024 धारा- 305(a)/331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात चन्दू,अरशद,आयूष के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

<u>जोन-पूर्वी</u>

<u>थाना गोमतीनगर-</u>

दिनांक 07.10.2024 को डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ से एक किता मेमो थाना स्थानीय पर इस आशय से भेजा कि ओम प्रकाश पुत्र राम जीत निवासी- बड़ी जुगौली थाना गोमतीनगर लखनऊ उम्र 40 वर्ष को दिनांक 07.10.2024 को समय करीब 23.05 बजे इस चिकित्सालय में मृत अवस्था में भर्ती कराया गया। **इस सूचना पर म0उ0नि0 गुरप्रीत कौर द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया गया ।** जिनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 07.10.2024 की रात्रि ओम प्रकाश उपरोक्त अपने घर की सीढीयों से गिर गए जिन्हें उनके पडोसियों द्वारा इलाज हेतु डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा ओम प्रकाश उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया गया।